


आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 13 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in


# महिला काव्य मंच की मासिक गोष्ठी में फागुनी रंगों की छटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महिला काव्य मंच पूर्वी इकाई की आनलाइन मासिक गोष्ठी बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुई। मंच के संस्थापक नरेश नाज के नेतृत्व में आयोजित इस गोष्ठी में होली के रंगों की मस्ती और काव्य की सरिता एक साथ बहती नजर आयी। गोष्ठी का शुभारंभ मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष सारिका भूषण के स्वागत भाषण से हुआ। इसके बाद खुशबू बरनवाल ने सरस्वती वंदना की और मधुमिता साहा ने मंत्रोच्चारण किया। कार्यक्रम का संचालन सुनीता अग्रवाल ने कुशलता पूर्वक किया। गोष्ठी पूरी तरह से होली के रंगों से सराबोर रही, जिसमें कवियों ने रोचक अंदाज में कविताओं, गीतों और छंदों के माध्यम से अपनी प्रस्तुतियां दीं।



इस गोष्ठी में सारिका भूषण, सुरेंद्र कौर नीलम, रेनू झा, सुनीता अग्रवाल, खुशबू बरनवाल, मधुमिता साहा, गीता रानी जैन, डॉ उर्मिला सिन्हा, रश्मि सिंह, रेखा जैन, मंजुला शरण, मंजुला सिन्हा, कल्याणी झा, सोनल थेपड़ा, सरोज गर्ग रत्नप्रभा, संध्या उर्वशी, नीता शेखर, अर्चना श्रीवास्तव, जयपूर्णा विश्वकर्मा ने अपनी कविताओं से समा बांध दिया। कार्यक्रम के अंत में पूर्वी जिला इकाई की अध्यक्षा रेनू झा ने सभी का आभार व्यक्त किया और आगामी गोष्ठियों में भी इसी प्रकार सहभागिता की उम्मीद जतायी। गोष्ठी के दौरान उपस्थित सभी साहित्य प्रेमियों ने होली के रंगों के साथ साहित्यिक रंगों का भी भरपूर आनंद लिया।

# सेंट माइकल्स पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनायी गयी होली

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** न्यू अशोक नगर स्थित सेंट माइकल्स पब्लिक स्कूल में बुधवार को हर्ष और उल्लास के साथ होली उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर प्री-नर्सरी से लेकर यूकेजी तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगों की खूबसूरत छटा बिखेरी और उत्साहपूर्वक होली खेली। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्राचार्या श्रावणी पांडेय समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों की ललाट पर गुलाल लगाकर की गयी। इस उत्सव के दौरा प्राचार्या ने कहा कि बड़ों का सम्मान करना और उन्हें रंग लगाकर शुभकामनाएं देना हमारी संस्कृति का एक हिस्सा है। जिसे हमें संजोकर रखना चाहिए।




होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, एकता और भाईचारे का प्रतीक है। विद्यालय के समस्त शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर एक-दूसरे को रंग लगाये और इस पर्व की आनंदमयी अनुभूति का अनुभव किया। विद्यालय के निदेशक डॉ दीपक कुमार सिन्हा ने बच्चों को संबोधित करते हुए होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि होली हमें आपसी प्रेम, सौहार्द और समरसता का संदेश देती है। यह त्योहार हमें सिखाता है कि सभी धर्मों और जातियों से ऊपर उठकर हमें एकता और सद्भाव के रंग में रंग जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने बच्चों को एकता और सौहार्द की भावना बनाये रखने का संदेश भी दिया। विद्यालय की प्री-प्राइमरी सेक्शन के इंचार्ज मिस अजविया फातिमा के नेतृत्व में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर सहयोगी शिक्षिकाएं निधि कुमारी, ज्योति कुमारी, प्रकृति रानी, आस्था, उषा कुमारी, तृषा कुमारी, संदीप कुमार पांडे समेत अन्य शिक्षकों ने भी अपना सक्रिय योगदान दिया।

# बैंक ऑफ इंडिया आंचलिक कार्यालय रांची को राजभाषा सम्मान का प्रथम पुरस्कार मिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्व क्षेत्र) के अंतर्गत क्षेत्र में संघ की राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन और राजभाषा के प्रगामी प्रयोग हेतु वर्ष 2023-2024 के लिए बैंक ऑफ इंडिया, रांची आंचलिक कार्यालय को राजभाषा सम्मान के तहत प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय पूर्व एवं पूर्वोत्तर द्वारा पांच मार्च को गुवाहाटी, असम में आयोजित पूर्व एवं पूर्वोत्तर का संयुक्त राजभाषा सम्मेलन और पुरस्कार वितरण समारोह में बैंक ऑफ इंडिया की उप आंचलिक प्रबंधक बनिता मोहापात्रा और वरिष्ठ प्रबंधक स्वाति कुमारी प्रसाद के द्वारा शील्ड एवं प्रमाणपत्र ग्रहण किया गया। इस पुरस्कार समारोह के विशिष्ट अतिथि मुख्यमंत्री, असम हिमंता बिस्वा सरमा और समारोह के अध्यक्ष केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, नित्यानंद राय के कर कमलों से राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के सचिव अंशुलि आर्या, आइएएस डॉ मीनाक्षी जौली की उपस्थिति में प्राप्त हुआ।



# होली गीतों पर झूमे मोटिया मजदूर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय जनशक्ति मजदूर यूनियन की ओर से बुधवार को पंडरा बाजार समिति में मजदूरों के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष ललित नारायण ओझा ने मोटिया मजदूरों को अबीर लगाकर सभी को होली की बधाई दी। वहीं कार्यक्रम फगुआ गीतों पर सभी मजदूर झूम उठे एवं एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर होली की बधाइयां दी। इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय कुमार जयसवाल, व्यापारी प्रतिनिधि संतोष सिंह, उदय चौधरी, दिनेश चौबे, ध्रुव चौरसिया के अलावा मजदूरों में गौरी यादव, संजय पासवान, मनोज यादव, महेंद्र यादव और संजय यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

# केनरा बैंक अंचल कार्यालय रांची में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केनरा बैंक अंचल कार्यालय, रांची में सुजीत कुमार साहू, महाप्रबंधक और अंचल प्रमुख के कुशल नेतृत्व एवं अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रीति कुमारी, आइएएस, संयुक्त सचिव, उद्योग विभाग, झारखंड सरकार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मेजर शालिनी सिंह उपस्थित रहीं। संजय कुमार मिश्रा, उप महाप्रबंधक ने औपचारिक रूप से स्वागत संबोधन प्रस्तुत कर सभी का स्वागत किया। सुजीत कुमार साहू, महाप्रबंधक ने कहा कि घर, समाज, देश, बैंक एवं विभिन्न कार्यस्थल में महिलाओं का विषेष योगदान है। अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।



भारतीय सेना से मेजर शालिनी सिंह ने कहा कि किसी भी स्तर पर भय करने की आवश्यकता नहीं है। महिलाएं पहले अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और हक से उसे मांगें। महिलाओं के उत्तरोत्तर प्रगति में परिवार के सदस्यों का सहयोग महत्वपूर्ण है। केनरा बैंक के सीडडी कार्यक्रम के अंतर्गत केनरा बाजार का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयं सहायता समूहों और महिला उद्यमियों द्वारा विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। सुनील कुमार, सहायक महाप्रबंधक ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में अंचल कार्यालय के सभी कार्यपालक एवं अधिकारी ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

# डोरंडा कॉलेज में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट-2025 का पोस्टर जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डोरंडा कॉलेज, रांची की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट-2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम मार्च महीने में रांची, लोहरदगा और गुमला जिलों के लिए आयोजित किया जायेगा। बुधवार को कॉलेज के प्राचार्य ने विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट-2025 का पोस्टर जारी किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवा, गतिशील और समाधान-आधारित नेताओं की नयी पीढ़ी का निर्माण करना है। यह आयोजन छात्रों और गैर-छात्रों दोनों के लिए खुला रहेगा और 150 प्रतिभागियों को अगले राउंड के लिए चुना जायेगा। डोरंडा कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा ने कहा कि यह आयोजन युवाओं को अपने विचारों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावित करने और नीति निर्धारकों के साथ संवाद करने का एक अद्वितीय अवसर प्रदान करेगा। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी कंचन मुंडा ने सभी युवाओं से इस आयोजन में भाग लेने का आह्वान किया है।



# झारखंड प्रदेश गुरु रविदास महासभा ने मनाया होली मिलन समारोह



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश गुरु रविदास महासभा ने बड़े ही धूमधाम से होली मिलन समारोह मनाया। यह आयोजन डोरंडा प्रदेश कार्यालय में हुआ, जहां सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। महासभा के अध्यक्ष दीपक कुमार रवि ने इस अवसर पर लोगों से रंग, गुलाल और अबीर लगाकर एकता और भाईचारे के साथ रहने की अपील की। इस कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग उपस्थित थे, जिनमें मुख्य संरक्षक संतसेवक राम, संरक्षक उमेश राम, उपाध्यक्ष दशरथ राम, संतोष रवि, सीता राम सहित अन्य शामिल थे।

# माहेश्वरी सभा का फाल्गुन उत्सव सह होली मिलन समारोह संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के माहेश्वरी समाज ने अपने भवन में फाल्गुन उत्सव सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में समाज के सदस्यों ने बड़े उत्साह और मस्ती के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने होली गीतों पर नृत्य किया, जबकि मनोरंजक खेलों ने सभी को आकर्षित किया। होली के अवसर पर चंग के प्रोग्राम में सभी ने नाच-गाना किया और एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर माहेश्वरी सभा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार मारू, प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव शंकर



साबू, रांची सभा अध्यक्ष किशन कुमार साबू, सचिव नरेंद्र लाखोटिया, महिला अध्यक्षा भारती चितलांगिया, सचिव विमला माहेश्वरी, युवा अध्यक्ष विनय मंत्री, सचिव हेमंत माहेश्वरी, उत्सव संयोजक ओम प्रकाश बोरा, राजू सोमानी, श्याम सुंदर बियानी, पूनम राठी, अंजना गट्टानी, सोविक बोरा, हिमांशु धूत सहित लगभग सभी सदस्य अन्य सामाजिक एवं धार्मिक संगठन के अध्यक्ष सचिव भी उपस्थित थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी अशोक साबू और रश्मि कोठारी मालपानी ने दी।

# वीरचंद पटेल की कर्मठता और दूरदर्शिता हमें प्रेरणा देती है : राम टहल चौधरी

**महात्मा गांधी के अनुयायियों में एक वीरचंद पटेल सच्चे देश भक्त थे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वीरचंद पटेल विलक्षण प्रतिभा के धनी एक ऐसे व्यक्तित्व थे, जिन्होंने राष्ट्र सेवा एवं समाज सेवा में इमानदारी की मिसाल कायम करते हुए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। उनकी कर्मठता एवं दूरदर्शिता हमें प्रेरणा देती है। उपर्युक्त बातें मुख्य अतिथि, रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने अपने संबोधन में कहीं। अवसर था वीरचंद पटेल जयंती समारोह का जिसका आयोजन विकास नगर, लटमा रोड, हटिया स्थित वीरचंद पटेल क्लब के प्रांगण में किया गया था। सांसद ने बताया कि आजादी के पूर्व अपनी क्रांतिकारी विचारों के कारण अंग्रेजों के आंखों की किरकिरी बने वीरचंद पटेल को कई बार जेल जाना पड़ा, पढ़ाई बाधित हुई। इसके बावजूद उन्होंने संघर्ष का रास्ता नहीं छोड़ा। महात्मा गांधी के



अनुयायियों में एक वीरचंद पटेल एक सच्चे देश भक्त थे। आजादी के बाद बिहार मंत्रिमंडल में उन्होंने कई विभागों में मंत्री के पद को सुशोभित किया। इस दौरान कई अहम फैसले लिये। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की स्थापना की। रांची मेडिकल कालेज एवं हॉस्पिटल की स्थापना उनके द्वारा ही की गयी जिसका नाम बाद में राजेंद्र मेडिकल एवं हॉस्पिटल कर दिया गया। वीरचंद पटेल के कर्तव्यपरायणता के कायल तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू भी थे।

विशिष्ट अतिथि मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने अपने संबोधन के माध्यम से लोगों से आग्रह किया कि आज की पीढ़ी को वीरचंद पटेल की जीवनी पढ़ाई जानी चाहिए ताकि बच्चे भी उनसे प्रेरणा ले सकें। विशिष्ट अतिथि नीलम चौधरी ने लोगों का आह्वान किया कि वीरचंद पटेल के छूटे हुए कार्यों को आगे बढ़ायें। कार्यक्रम में रविंद्र सिंह, परमेश्वर सिंह एवं अजय सिन्हा ने भी अपने विचार प्रकट किये। इसी कार्यक्रम में कराटे के विजयी प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण राम टहल चौधरी एवं अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। पूरे कार्यक्रम के आयोजन में क्लब के सदस्यों मनोज कुमार, दिनेश कुमार, चित्रकेतु, पंकज, नीरज, सुधीर, प्रिय रंजन, अरविंद एवं अन्य क्लब के सदस्यों की भूमिका सराहनीय रही।

# खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने की मिठाई दुकानों की जांच



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** होली त्योहार को देखते हुए मिठाई और अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच को लेकर बुधवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सुबीर रंजन ने जांच की। सुबीर रंजन ने मेन रोड और कांके रोड स्थित कई मिठाई दुकानों की जांच की। मेन रोड स्थित मैसर्स पंजाब स्वीट हाउस से खोवा एवं मिल्क केक का नमूना संग्रह कर जांच के लिए राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला भेजा गया। बता दें कि मंगलवार को भी सिंह मोड़ और हटिया चौक के मिठाई दुकानों की जांच की गयी थी। सिंह मोड़ स्थित मैथिली स्वीट्स से पनीर का सैंपल जांच के लिए भेजा गया था। हटिया चौक पर स्थित मां जगदंबा स्वीट्स से 6 किलो मिलावटी पनीर नष्ट किया गया था। सभी दुकानदारों को गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री बेचने और खाद्य प्रतिष्ठान में साफ सफाई रखने का निर्देश दिया गया है।

# होली की पूर्व संध्या पर हाजीपुर में हास्य कवि-सम्मेलन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर।** महाप्रबंधक की अध्यक्षता में बुधवार को पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय हाजीपुर द्वारा हास्य कवि-सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर महाप्रबंधक, अपर महाप्रबंधक और प्रधान विभागाध्यक्षों व आमंत्रित कवियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कवि सम्मेलन में आमंत्रित कवियों का स्वागत किया और कहा कि इनकी कविताओं में अबीर होगा, गुलाल होगा और रंगों का संसार होगा, साथ ही उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को होली की शुभकामनाएं दीं। अपर महाप्रबंधक ने आमंत्रित कवियों का स्वागत करते हुए कहा कि हास्य कवि सम्मेलन होली और हास्य का अद्भुत मिलन होता है। मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक ने कहा कि जिस प्रकार भारतीय



रेल हमारे देश को भौगोलिक रूप से एक सूत्र में जोड़ती है उसी प्रकार हिंदी हमारे देश के करोड़ों लोगों के हृदय को एक विराट हृदय में पिरोती है। इस कवि-सम्मेलन में नामचीन शायरा आराधना प्रसाद, शायर समीर परिमल, कमल किशोर वर्मा, सीमा रानी, अमीर हमजा उन्होंने अपनी लाजवाब शायरी और प्रस्तुति से महफिल को जीत लिया।

# अफीम तस्करी में दो युवक गिरफ्तार एक किलो 400 ग्राम अफीम बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** तमाड़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने अफीम तस्करी में लिप्त दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिलने के बाद की गयी। बुंडू डीएसपी ओमप्रकाश के निर्देश पर तमाड़ थाना प्रभारी ने जिलिंगसेरेंग रोड पर वाहन चेकिंग शुरू किया। इस दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों को रोकने की कोशिश की गयी, लेकिन पुलिस को देखकर वे भागने लगे। सशस्त्र बल की मदद से दोनों को पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर इनके पास से एक थैला में अफीम बरामद हुआ। जिसका वजन 1 किलो 400 ग्राम है। अफीम का बाजार मुल्य लगभग तीन लाख रुपया है। गिरफ्तार दोनो आरोपी तमाड़ थाना क्षेत्र के जिलिंगसेरेंग गांव निवासी रविंद्र नाथ महतो और बारूडीह गांव निवासी अजीत अहीर शामिल है। पुछ-ताछ में इनलोगों ने पुलिस को बताया कि ये लोग किसान से अफीम की खरीददारी करते हैं और बाहर के तस्करों को सप्लाई करते हैं। पुलिस फिलहाल उनसे पूछ-ताछ कर रही है और तस्करी से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।



## मैकलुस्कीगंज स्टेशन में शक्तिपुंज एक्सप्रेस के स्थायी ठहराव को मिली मंजूरी




**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज रेलवे स्टेशन में अब शक्तिपुंज एक्सप्रेस के स्थायी ठहराव को मंजूरी मिल गयी है। इस संबंध में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रांची लोकसभा सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को पत्र भेजकर इसकी जानकारी दी है। संजय सेठ ने मैकलुस्कीगंज स्टेशन पर ठहराव की स्वीकृति मिलने पर रेल मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। संजय सेठ ने कहा कि पहले मैकलुस्कीगंज स्टेशन में शक्तिपुंज एक्सप्रेस का ठहराव ट्रायल के आधार पर हो रहा था, लेकिन अब इसकी स्थायी स्वीकृति रेल मंत्रालय ने दिया है। शक्तिपुंज एक्सप्रेस का ठहराव, जिसे पहले ट्रायल आधार पर शुरू किया गया था, अब स्थायी रूप से स्वीकृत कर दिया गया है। यात्रियों की सुविधा और आवश्यकताओं को देखते हुए इसे स्थायी करने का निर्णय लिया गया है। इससे हावड़ा-जबलपुर रूट पर सफर करने वाले यात्रियों को अब किसी तरह की परेशानी नहीं होगी और वे सीधे मैकलुस्कीगंज से यात्रा कर सकेंगे। अब इस ठहराव के स्थायी होने से यात्रियों को इन परेशानियों से मुक्ति मिल जायेगी और उनकी यात्रा अधिक सुगम हो सकेगी। इस निर्णय से मैकलुस्कीगंज के लोगों में हर्ष का माहौल है। रेलवे स्टेशन पर ठहराव की बहाली के लिए लंबे समय से मांग की जा रही थी, जिसे अब पूरी कर लिया गया है। स्थानीय लोगों ने रेल मंत्री और सांसद संजय सेठ के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## विचारों के आदान-प्रदान से सांस्कृतिक विविधता को समझने का अवसर मिलता है: प्रो जीके किड़ो




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** बिरसा कॉलेज खूंटी में बुधवार को रांची विश्वविद्यालय के बिरसा कॉलेज और विद्यासागर यूनिवर्सिटी के सेवा भारती महाविद्यालय झाड़ग्राम के बीच फेकल्टी और स्टूडेंट्स एक्सचेंज प्रोग्राम का आयोजन हुआ। इसमें बिरसा कॉलेज की प्राचार्या जीके किड़ो, राज कुमार गुप्ता, मुंडारी विभाग की अध्यक्ष सावित्री कुमारी, नागपुरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ कोरनेलियुस मिंज, असिस्टेंट प्रोफेसर इंदिरा कोनगाड़ी, असिस्टेंट प्रोफेसर काली मुंडू, असिस्टेंट प्रोफेसर संगीता सांगा, असिस्टेंट प्रोफेसर अभिषेक श्रीवास्तव, असिस्टेंट प्रोफेसर सुनिता टोप्पो, डॉ. सिजरेन सुरीन, चांदमनी हांसदा, मुंडारी विभाग, हिन्दी विभाग, नागपुरी विभाग सहित अन्य विभागों के विद्यार्थी और सेवा भारती महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर नरेंद्र नाथ मुर्मू, अनिल कुमार हेमब्रोम, देवव्रत हेमब्रोम, असिस्टेंट प्रोफेसर अरिंदम साहा और संथाली विभाग के विद्यार्थी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में फेकल्टी और स्टूडेंट्स के बीच मुंडारी, संथाली, नागपुरी भाषा -साहित्य, मुंडा और संथाल समुदाय की सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, शैक्षणिक स्थिति, रीति-रिवाज, वेश-भूषा पर विचारों का आदान- प्रदान हुआ। मौके पर बिरसा कॉलेज की प्राचार्या जीके किड़ो ने कहा कि विचारों के आदान - प्रदान होने से एक दूसरे को समझने का अवसर मिलता है। प्राचार्या ने कहा कि ऐसे आयोजनों से एकता और सांस्कृतिक विविधता को बनाए रखने में भी बल मिलता है। साथ ही विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि भी होती है। मुंडारी विभाग की विभागाध्यक्ष सावित्री कुमारी ने कहा कि फेकल्टी और स्टूडेंट्स एक्सचेंज प्रोग्राम हम सभी के लिए फायदेमंद है। राज कुमार गुप्ता ने कहा कि कुछ अच्छा काम करें और अपनी पहचान बनाएं। डॉ अभिषेक श्रीवास्तव ने संथाल समुदाय के इतिहास पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर असिस्टेंट काली मुंडू ने संथाली और मुंडारी भाषा के शब्दों में समानताओं पर चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन नागपुरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ कोरनेलियुस मिंज ने किया।

## अंबेडकर जयंती मनाने के लिए कमिटि गठित



**खलारी (आजाद सिपाही)।** अंबेडकर पार्क डकरा में एससी एसटी ओबीसी एकता मंच की बैठक अध्यक्ष देवपाल मुंडा की अध्यक्षता में की गयी, जिसमें सर्वप्रथम क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार मुक्तिनाथ गिरि जी का निधन होने पर उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया, उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। वहीं 14 अप्रैल 2025 को भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया और जिसमें जयंती समारोह पूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। इसके सफल संचालन के लिए कमेटी का गठन किया गया। जिसमें संयोजक मिथिलेश पासवान, बिगन सिंह भोगता, विनय खलखो, अमृत भोगता, जोगिंदर कुमार, विजय विश्वकर्मा, रामू सतनामी, मीडिया प्रभारी अमर लाल सतनामी, कार्यालय प्रभारी भावेश वर्मा को बनाया गया है।

## सुकुरहुट्टू में किसान दिवस का आयोजन



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से तेलहनी फसल सरसों को लेकर बुधवार के दिन चांहो ब्लॉक के सुकुरहुट्टू गांव में किसान दिवस आयोजित की गयी। कार्यक्रम सीएफएल डी अंतर्गत सरसों 40 एकड़ क्षेत्र में नयी मस्टर्ड किस्म 'बिरसा भाभा मस्टर्ड 1' के साथ-साथ कृषि उत्पादों और तकनीकों का डेमोंस्ट्रेशन किया गया। समय पर बुवाई और लाइन में बुआइ, संतुलित खाद का प्रयोग, खरपतवार, कीट एवं रोग की समय पर रोकथाम के माध्यम से नये बीज, बिजामृत, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, एमिडाक्लोरोप्रिड, मैकजेब एम 45, और दस्पर्णी आदि सामिल है। ये जानकारी डॉ मनोज सिंह ने दी। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों में नवीन कृषि तकनीकों का परिचय कराना और सरसों की खेती में उत्पादन वृद्धि एवं एरिया विस्तार के नये अवसर प्रदान करना था। कार्यक्रम का सफल संचालन बीटीएम जनक सिंह एवं एफपीओ चांहो बिरसा मुंडा संगठन प्रोड्यूसर कंपनी के सीइओ जितेंद्र साहु, महादेव ओराव, मिर्जा ओराव और सुस्माही टोपो समेत प्रगतिशी सामिल थे।

## पंचतत्व में विलीन हुए दिवंगत पत्रकार मुक्तिनाथ गिरी, दामोदर नदी तट पर हुआ अंतिम संस्कार

**खलारी (आजाद सिपाही)।** वरिष्ठ पत्रकार दिवंगत मुक्तिनाथ गिरी का पार्थिव शरीर बुधवार को पंचतत्व में विलीन हो गया। अंतिम संस्कार डकरा दामोदर नद घाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। बड़े पुत्र अविनाश गिरी ने पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। इससे पूर्व खलारी पत्रकार कॉलोनी स्थित आवास पर खलारी पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के लोगों ने उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन कर उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं रांची प्रेस क्लब से आये क्लब के पदाधिकारी और सदस्यों के अलावा एनके क्षेत्र महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता सहित विभिन्न राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों के लोगों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## बचरा में जेएसपीएल महिला ग्रुप ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सह होली मिलन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत भवन सचिवालय मे जेएसपीएल महिला ग्रुप के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एंव होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी मौजुद थी। दीप जलाकर और फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि मुखिया रीना देवी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नारी सशक्तीकरण पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि वर्तमान मे महिलाएं सभी क्षेत्रो मे आगे है। महिलाओं के उत्थान और महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार के द्वारा कई योजना चलायी जा रही है, महिलाओ को जागरूक होकर इसका लाभ उठाने की जरुरत है। इस कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाली कई महिला दीदी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अंत में सभी महिलाओ ने एक दुसरे को अबीर गुलाल और रंग लगाकर होली की बधाई दी गयी। इस मौके पर मुखिया रीना देवी, सावित्री देवी, ललीता देवी, खुशबु देवी,डॉली देवी, संगीता देवी, बिंदु देवी, नीलम देवी, सबीता देवी, कविता देवी, निर्मला देवी, मनिता देवी, बिंदु यादव, देवन्ती देवी सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

## झामुमो ने आयोजित किया होली मिलन समारोह



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** कर्रा प्रखंड की जरियागढ़ पंचायत अंतर्गत चोलवा पतरा में बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा कर्रा प्रखंड में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया बतौर अतिथि उपस्थित थे। विधायक ने सभी को होली के शुभकामनादी और कहा कि होली रंग एवं हर्ष-उल्लास का पर्व है। इसको आपसी भाईचारे से मिलकर सभी समुदाय के लोग मानते हैं और एक दूसरे से खुशियां बाटते हैं। हम सभी को मिल-जुल कर होली पर्व को मानना है। एक दूसरे के प्रति प्रेम भावना बढ़ाना है और एक दूसरे से मिलजुल कर रहना है। होली मिलन समारोह में राहुल केशरी, बिनोद उरांव, छतरी हेमरोम, मार्शल आईंड, लछुवा लोहरा, शंभू शर्मा, सुनीता चोचा, द्वारिका केशरी, एडवर्ड होरो, गंदूर, अलबर्ट आदि उपस्थिति थे।

## सखी मंडल की दीदियों ने उपायुक्त को हर्बल गुलाल भेंट कर दी शुभकामनाएं

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी (जेएसएलपीएस) के तहत संचालित सखी मंडल की दीदियों ने बुधवार को उपायुक्त लोकेश मिश्रा को पलाश हर्बल गुलाल भेंट कर होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर उपायुक्त ने ग्रामीण महिलाओं के इस प्रयास की सराहना करते हुए स्वदेशी, प्राकृतिक और हर्बल उत्पादों को अपनाने का संदेश दिया, साथ ही जिला प्रशासन की ओर से सभी को होली की शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि जेएसएलपीएस, खूंटी पलाश मार्ट द्वारा गत आठ से 13 मार्च तक खूंटी में पलाश हर्बल गुलाल की विशेष प्रदर्शनी सह बिक्री का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में विभिन्न रंगों के पलाश हर्बल गुलाल के साथ-साथ ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित अन्य जैविक और पारंपरिक उत्पादों की भी बिक्री की जा रही है। प्रदर्शनी में रागी(मडुवा) से बने स्वादिष्ट नमकीन एवं मीठे व्यंजन, केक, ब्रेड, मिठाइयां और अन्य जैविक उत्पाद भी उपलब्ध हैं। यह सभी उत्पाद स्थानीय महिलाओं द्वारा स्वनिर्मित हैं, जिससे उन्हें आर्थिक सशक्तिकरण का अवसर भी मिल रहा है। जेएसएलपीएस एवं सखी मंडल की दीदियां सभी नागरिकों से आग्रह करती हैं कि वे इस होली पर प्राकृतिक एवं हर्बल गुलाल अपनाकर एक स्वस्थ, सुरक्षित एवं खुशहाल त्योहार मनाएं।

## चिल्ड्रेन हेवेन पब्लिक स्कूल में होली मिलन समारोह



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** चिल्ड्रेन हेवेन पब्लिक स्कूल बुंडू में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और विधार्थी होली खेल उत्सव में शामिल हुए। एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर भाईचारा को बनाए रखा।

## होली पर्व को लेकर तिरुलडीह पुलिस ने चलाया एंटी क्राइम जांच अभियान

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** तिरुलडीह थाना क्षेत्र के शहीद चौक में होली पर्व को देखते हुए बुधवार को सड़क सुरक्षा और एंटी क्राइम जांच अभियान तिरुलडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। अभियान के दौरान दो पहिया एवं चार पहिया गाड़ी की जांच कि गयी। वहीं हेलमेट ना पहनने पर चेतावनी देखकर छोड़ दिया गया और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने का आदेश दिया गया। लोगो को हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## हाइवा ट्रक में लगी आग



**खलारी (आजाद सिपाही)।** एनके एरिया सीआइएसएफ वरिष्ठ कमांडेंट संदीप कुमार एस की सूझबूझ और कर्मठता से मंगलवार की देर रात हाईवा में लगी आग को बुझाया गया। एनटीपीसी टंडवा से फलाई एश लेकर बोकारो जा रही हाइवा ट्रक में चूरी परियोजना के समीप आग लग गयी। एरिया चेकिंग से लौट रहे सीआइएसएफ के वरिष्ठ कमांडेंट संदीप कुमार एस ने उक्त हाइवा में धुंआ और आग की लपटे उठती देखी। जिसके बाद तुरंत अपनी गाड़ी को रोककर हाइवा चालक छोटू महतो से पूछा तो उसने बताया कि गाड़ी की बेरिंग जाम होने और लगातार घिसाने की वजह से गाड़ी के अगले बाएं टायर के पास आग पकड़ लिया। वरिष्ठ कमांडेंट द्वारा बिना समय गंवाए सीसीएल फायर स्टेशन को कॉल कर फायर बीग्रेड की गाड़ी को बुलवाया। इसके तुरंत बाद सीसीएल फायर ब्रिगेड का वाहन पहुंच गया और हाइवा ट्रक में लगे हुए आग पर काबू पाया गया। सीआईएसएफ वरिष्ठ कमांडेंट संदीप कुमार के उत्कृष्ट प्रयास और त्वरित कार्यवाही से परिवहन में लगे उपरोक्त हाइवा और मैटेरियल को नुकसान होने से बचाया जा सका।

## लेबलिंग मजदूरी चालू कराने के लिए प्रबधंन को ज्ञापन सौंपने का निर्णय



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती बाजारटांड़ स्थित शिव मंदिर मे ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता गुंजरी देवी और संचालन पुनया देवी ने किया। बैठक मे बेंती, हड़गड़ी, सरैया, ठेना, तोरहद, बिजैन, पाहनटोंगरी, ठेठांगी, सिदालु, मालमोहरा सहित विभिन्न गांव के महिला एवं पुरुष शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से बेरोजगारी पर चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि अशोका रोड सेल मे लेबलिंग का काम चलने से सैकड़ो लोगों को रोजगार का साधन उपलब्ध था, लेकिन पिछले सात वर्षों से सीसीएल प्रबंधन के द्वारा लेबलिंग का काम को बंद कर दिया गया है, जिसके कारण ग्रामीणों के समक्ष बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। बैठक मे सर्वसम्मति से ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल स्थानीय सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन से मिलकर लेबलिंग मजदूरी को चालू करने के लिए ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि यदि प्रबंधन के द्वारा रोड सेल में लेबलिंग का काम चालू नहीं किया गया तो ग्रामीणों के द्वारा उग्र आंदोलन किया जायेगा। बैठक में सभी ग्रामीणों को एकजुट होने का आहवान किया गया। बैठक में मुख्य रूप से किरण टोप्पो, विक्रम कुमार गंझु, रूपलाल गंझु, दिनेश गंझु,गणेश गंझु, फलिंद्र गंझु, विनोद कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# कार और बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी-चाईबास मुख्य मार्ग पर मुरहू थाना क्षेत्र के पास बुधवार की देर शाम छह बजे बाइक और ऑल्टो कार के बीच हुई सीधी टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मृतकों में मुरह थाना क्षेत्र के कोनवा गांव निवासी विपिन बोदरा और सुजीत सोय मुरूम शामिल हैं। मृतक विपिन का सिर धड़ से अलग हो गया। समाचार लिखे जाने तक उसके सिर का पता नहीं चल सका हे। पुलिस और ग्रामीण विपिन बोदरा का सिर खोजने में लगे हैं। आशंका जताई जाती है कि सिर चूर-चूर होकर बिखर गया होगा। दोनो शवों का गुरुवार को सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया जायेगा। मामले की सूचना मिलते ही मुरहू थाने की पुलिस दुर्घटनास्थल पर पहुंची, जहां दोनों शवों को लेकर थाना आ गयी है। मृतकों के स्वजन भी मुरहू थाना पहुंच गये हैं। झामुमो नेता सनिका बोदरा भी स्वजनों की मदद में लगे हैं। दुर्घटना के बाद कार चालक अपनी कार को लॉक कर फरार हो गया है।

**ऑल्टो और बाइक में हुई सीधी टक्कर**

जानकारी के अनुसार बाइक सवार विपिन बोदरा और सुजीत सोय मुरूम बाइक से अपने गांव कोनवा जा रहे थे। उसी दौरान जाते गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही ऑल्टो कार से बाइक की सीधी टक्कर हो गयी। दुर्घटना स्थल को देखने के बाद अनुमान लगाया जा रहा है कि कार और बाइक दोनो की रफ्तार काफी तेज रही होगी।

## ट्रक अनियंत्रित होकर बडानी घाटी की गहरी खाइ में जा गिरा, चालक और खलासी लापता

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अड़की थाना क्षेत्र के कोरवा-कुचाई मुख्य पथ पर सौड़ीहातू गांव के पास बुधवार को सीमेंट लदा 14 चक्का ट्रक अनियंत्रित होकर बडानी घाटी की एक गहरी खाइ में गिर गया। दुर्घटना के बाद चालक और खलासी लापता बताये जाते हैं। पुलिस का कहना है कि दोनो भाग गए या ट्रक के नीचे दबे हुए हैं, यह कहना अभी मुश्किल है। दोनों का मोबाइल फोन भी स्वीच ऑफ है। पुलिस ट्रक को उठाने के प्रयास में जुट गयी है। ट्रक का नम्बर सीजी 04 एनआर 2107 है। पुलिस के अनुसार दुर्घटनासथल सुदूर इलाके में होने के कारण गुरुवार को हाइड्रा मशीन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को बाहर निकाला जायेगा। उसके बाद ही स्थिति साफ हो पायेगी। फिलहाल यह भी स्पष्ट नहीं हो सका है कि सीमेंट लदा ट्रक कहां से आ रहा था और इसका गंतव्य क्या था। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## त्योहार मनायें, पर इस बात का ध्यान रखें कि किसी की धार्मिक भावना आहत न हो: विधायक



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** होली और रमजान को लेकर बुधवार को तपकारा थाना परिसर में तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। मौके पर विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में होली सहित अन्य त्यौहार मनायें, पर इस बात का ध्यान रखें कि किसी की धार्मिक भावना आहत न हो। उन्होंने कहा कि विविधता में एकता ही हमारी पहचान और यहां की संस्कृति है। एसडीपीओ ने भी लोगों से मिलजुल कर सभी पव मनाने की अपील की। प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा ने बिजली, पानी और साफ-सफाई को लेकर समुचित व्यवस्था का आश्वासन देते हुए लोगों से अपील की कि त्यौहार शांतिपूर्ण वातावरण में बनायें। थाना पभारी नितेश कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया पर कोई टपवाह न फैंलायें और और कोई ऐसा करता है, तो इसकी सूचना प्रशासन को दें। बैठक में काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही नागरिकों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगारक होली की शुभकामनाएं दी।

## पशु क्रूरता न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि नैतिकता का भी विषय है: उप विकास आयुक्त



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर बुधवार को जिला स्तरीय एक दिवसीय पशु क्रूरता निवारण कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय स्थित सभागार में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम ने किया। कार्यशाला में पशुओं के प्रति क्रूरता रोकने, पशु कल्याण अधिनियम, जागरूकता अभियानों और संबंधित कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, पशु चिकित्सा विशेषज्ञ, पुलिस प्रशासन के प्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों के सदस्य उपस्थित थे। उप विकास आयुक्त ने कहा कि पशु क्रूरता न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि यह सामाजिक नैतिकता का भी विषय है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने की अपील की। बैठक के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों ने उपायुक्त से मुलाकात की। इस दौरान समाहरणालय परिसर में पक्षियों के लिए बर्ड्स होम एवं ड्रिंकर फीडर लगाने की जानकारी भी दी। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों एवं संगठनों को पशु क्रूरता निवारण को लेकर जिले में बेहतर कार्य करने का निर्देश दिया, जिससे पशु क्रूरता को जड़ से समाप्त किया जा सके। इस अवसर पर जिला पशुपालन पदाधिकारी, डीएसपी मुख्यालय, विभिन्न संगठनों के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों ने पशु कल्याण को बढ़ावा देने के लिए समन्वित प्रयास करने का संकल्प लिया।

## नागेश्वर महतो पब्लिक स्कूल में स्थापना दिवस सह खेलकूद कार्यक्रम



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** नागेशवर महतो पब्लिक स्कूल सलगाडीह तमाड़ में विद्यालय स्थापना दिवस सह खेलकुद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्व नागेश्वर महतो शिक्षक के द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी और उनकी जिवनी से प्रेरणा लेकर बच्चों को आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिल्ली के विधायक अमीत महतो जैक सदस्य राधा रमण साहू मुख्य रूप से शामिल हुए। अमीत महतो ने कहा कि बच्चे अपने मंजिल को प्राप्त कर झारखंड की शान बने और बेहतर शिक्षक से पढ़ाई कर इंजिनियर, आइएस, आइपीएस बने और सपने को साकार करें। शिक्षक संजय महंतो ने अपने पिता स्व नागेश्वर महंतो की जीवनी को बताया और अगीभुत हुए इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## फगुआ रंग में रंगा सिल्ली-मुरी का बाजार

**मुरी (आजाद सिपाही)।** होली को देखते हुए सिल्ली-मुरी और आसपास के बाजारो में अबीर गुलाल की खरीदारी लोगों ने शुरू कर दी है। बाजार विभिन्न प्रकार के अबीर गुलाल, पिचकारी, मुखौटा, स्प्रे, वाटर बैलून, लंबे-लंबे बाल, टोपी, हर्बल वाली सुगंधित रंग गुलाल से भरा पड़ा है। बच्चे त्यौहार को लेकर काफी उत्सुक है। कई स्कूली बच्चों को रंग गुलाल लगाते हुए देखा गया। 13 मार्च को होलिका दहन के बाद होली के रंग में लोग रंगने लगेंगे। लोग महीना भर पहले से होली की गाना सुनते थे, परंतु अब होली का गाना गायब हो चुका है। इसके स्थान पर लोग फूहड गाना सुनते और बजाते हैं।

## तमाड़ में विश्व हिंदू परिषद की बैठक संपन्न



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** बुधवार को आदित्य नारायण पांडेय के आवासीय परिसर में तमाड़ प्रखंड अध्यक्ष बसंत साहू के अध्यक्षता में विश्व हिंदू परिषद की बैठक की गयी। इस बैठक में जिला मंत्री राजीव झा ने खंड समिति का विस्तार किया गया। बैठक के दौरान रामोत्सव, हनुमान जयंती, और जिला कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग जैसे कार्यक्रम को शांतीपूर्वक कराने पर सहमति व्यक्त की गयी। अंत में जिला अध्यक्ष विनोद जयसवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। जिला अध्यक्ष विनोद जयसवाल, जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह, तमाड़ प्रखंड अध्यक्ष बसंत साहू, जिला मंत्री राजीव झा की मौजूदगी में आदित्य नारायण पाण्डेय, रिकू खां, जतिन गुप्ता, राजा मल्लिक, मोहित वर्मा, नंदा नायक, अनिमा मल्लिक, भारती कुमारी, प्रितोष साहू, भजु पुरान, इंद्रजीत पुरान, शुभम प्रमाणिक, सुरज स्वांसी और अरविंद सिंह को कार्यक्रम के क्रियावयन का दायित्व सौंपा गया। शेष दायित्व की घोषणा जिला अभ्यास वर्ग में की जायेगी। बैठक में संरक्षक ओमप्रकाश और युवराज सिंह का सहयोग सराहनीय रहा।

# नामकुम में जगह-जगह होली मिलन समारोह का आयोजन

## विधायक ने खेली सूखी होली



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** होली के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और पारंपरिक गीत-संगीत के साथ रंगों के इस पर्व का आनंद लिया। इस दौरान खरसीदाग ओपी में थाना प्रभारी भवेश कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। थाना प्रभारी ने सभी लोगों से होली को सौहार्द और शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। मौके पर प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, मुखिया निशा उरांव और पुष्पा तिर्की ने भी अपने विचार रखे। समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने गुलाल लगाकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। दूसरी ओर, जोरार लीची बगान में कांग्रेस नेता रमेश पांडेय के आवास पर आयोजित होली मिलन समारोह में खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने सभी के साथ सूखी होली खेली। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने फगुआ गीतों की शानदार प्रस्तुति दी, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण हो गया। रमेश पांडेय ने विधायक सहित सभी आगंतुकों का स्वागत किया और होली की शुभकामनाएं दीं।

### रेलवे गुड्स शेड ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन का सांस्कृतिक आयोजन

नामकुम टाटीसिलवे रेलवे गुड्स शेड ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकिशोर यादव की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सभी आयोजनों में पारंपरिक गीत-संगीत, रंग-गुलाल और आपसी भाईचारे के साथ होली का जश्न मनाया गया। इस मौके पर स्थानीय एवं बाहर से आए कलाकारों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिससे दर्शक झूम उठे। समारोह में राजदेव सिंह यादव, अवधेश यादव, साधू यादव, माधो कच्छप, कल्याण लिंडा, प्रमोद कुमार सिंह, जिप सदस्य रीता होरो, पड़हा अध्यक्ष प्रदीप तिर्की, समाजसेवी सुदेश तिर्की, रोजलीन तिर्की, भाजपा नेता रितेश उरांव, विनयशील यादव, बच्चन बड़ाइक, पूर्णिमा बड़ाइक आदि उपस्थित रहे।

## बेड़ो में सजी रंग-पिचकारियों की दुकानें



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** रंगों के पर्व होली को लेकर बेड़ो में दुकानें सज चुकी हैं। दुकानों पर रंग-गुलाल, सजावटी कैप और पिचकारियों से सज गए हैं। लोग खुलकर होली खेलने के लिए खासे उत्साहित है। वहीं बच्चों में पर्व के प्रति उल्लास देखते ही बन रहा है। दुकानों पर मम्मी-पापा के साथ पहुंच रहे बच्चे पसंदीदा पिचकारी और रंग खरीद रहे है। हालांकि पहले के मुकाबले इस बार रंग-गुलाल के दामों में तेजी आई है। गांव के मोहल्लों में भी रंग, गुलाल और पिचकारियों से सजी दुकानें आकर्षण का केंद्र बनी है। दुकानो में होली खेलने को लेकर टोपी, टी-शर्ट, पगड़ी,बुलडोजर, वाटर टैंक, वजूबा, स्पाइडर मैन की पिचकारियां बच्चों को खूब पसंद आ रही हैं। इसके अलावा डरावने मुखौटे समेत अन्य वस्तुएं उपलब्ध है। हर्बल रंग एवं गुलाल को लोग पसंद कर रहे है। बाजार में रंग-गुलाल के पैकेट 10 से 50 रुपये तक बिक रहा है।

## कनाडीह में होली मिलन समारोह का आयोजन



**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** आदिवासी भोगता समाज विकाश संघ के नेतृत्व में बुढ़मू प्रखंड के कनाडीह खेल मैदान में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रैयत विस्थापित मोर्चा के एनके एरिया अध्यक्ष सह संघ के केंद्रीय सदस्य बिगन सिंह भोगता, केंद्रीय उपाध्यक्ष रामलखन गंझू, बुढ़मू जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू, जिला अध्यक्ष अमृत भोगता, प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, नीरज भोगता, रामेश्वर पाहन, पूर्व जिला परिषद सदस्य शुक्रमनी देवी, सालों देवी, प्रभाकर गंझु और महेश भगत मौजूद थे। आयोजन समिति की ओर से सभी अतिथियों को पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। वक्ताओ ने होली मिलन, सामाजिक एकजुटता एवं शिक्षा को बढ़ावा देने और संस्कृति को बचाये रखने का संकल्प लिया। बिगन सिंह भोगता ने कहा कि पूर्वजों की धरोहर को बचाये रखने की जरूरत है। अपनी संस्कृति को बचाना और समाज में एकजुटता बनाये रखना होगा। कहा कि बच्चों को शिक्षित कीजिए। नशापान से दूर रहने की जरूरत है। उन्होंने 28 मार्च को रांची में आयोजित नीलाम्बर पीताम्बर शहादत दिवस में भारी संख्या में लोगो से पहुंचने की अपील की है। अंत में एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस मौके पर बालकिसुन गंझू, हजारी प्रसाद, बालचन्द गंझू, बलदेव गंझू, अजय कुमार गंझु, संजीव कुमार, रघुनंदन गंझु, बिरजू गंझु, वीरेंद्र गंझू, अंजन गंझु, राजकुमार गंझु, अनिल गंझू, मुकेश गंझु, प्रदीप गंझु, अरुण गंझू, सविता कुमारी, सुनीता कुमारी, प्रमिला कुमारी आदि उपस्थित रहे।

## सत्यनारायण तिवारी बने रांची दूरसंचार विभाग में एडवाइजरी कमेटी के सदस्य



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** ओरमांझी के समाजसेवी सत्यनारायण तिवारी को रांची दूरसंचार विभाग में एडवाइजरी कमेटी का सदस्य मनोनीत किया गया है। इस पर राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, भाजपा नेता अमरनाथ चौधरी, पूर्व उपप्रमुख जयगोविंद साहू, रामकुमार महतो, दुर्गा शंकर साहू, दीपक बडाईक, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता और समाजिक कार्यकर्ता अजय सिंह आदि ने बधाई दी है।

### कांके के चामा, बुकरू और नगड़ी के ग्रामीणों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

# पुश्तैनी जमीनों को बचाने की गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** प्रखंड के चामा, बुकरू और नगड़ी गांव के ग्रामीणों ने बुधवार को कांके विधायक सुरेश बैठा के आवास पर जाकर मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। जिसमें विधायक से अपने गांव की पुश्तैनी जमीनों को बचाने की गुहार लगाई है. कहा कि आठ महीना पहले भूमाफियायों ने उन लोगों की जमीनों को गलत कागजात बनाकर गैर कानूनी तरीके से बिक्री कर दिया था। ऑनलाइन से भी पंजी टू, खतियान, लगान रसीद हटा दिया है। ग्रामीणों ने इसे ऑनलाइन चढ़ाने की मांग भी है। कहा कि सरकारी स्तर पर जांच तो हुई, लेकिन वह अधूरी है। पिछले आठ महीना से हम लोगों की जमीनों का ऑनलाइन पंजी टू, खतियान और लगान रसीद नहीं चढ़ाया गया है। ज्ञापन में अंचल कार्यालय कर्मी के विरुद्ध भी शिकायत की गयी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दलालों और अंचल कर्मियों द्वारा गैरमजरूआ, भुईहरी, पहनई, रैयती जमीन का नेचर बदलकर अवैध तरीके से खरीद-बिक्री की जा रही है। बुकुरू ग्राम पंचायत के लोगों ने कांके विधायक को प्रार्थना पत्र सौंपकर अवैध रूप से हो रहे खरीद-बिक्री को रोकते हुए दलालों एवं अधिकारियों पर उचित कानूनी कार्रवाई कर उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। ज्ञापन में लिखा है कि जमीन पर गैंग बनाकर आए दिन हवाई फायरिंग कर दहशत फैला कर अवैध तरीके से सैकड़ों एकड़ जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा इसका विरोध करने पर मार-पीट किया जाता है। ग्रामीण इन सभी घटनाओं से भयभीत हैं। पिछले 2-3 वर्षों से खेती कृषि भी नहीं करने दिया जा रहा है। इस मौके पर प्रवीण तिर्की, सुशील कुजूर, दीपक तिर्की, आर्यन टोप्पो, परनु उरांव, परमा मुण्डा, शुकरो कुमारी, आर्यन टोप्पो, दीपक तिर्की, शंकर उरांव, भगर उरांव, संगीता देवी, पूनम देवी, अनिल गिंज, मीरा टोप्पो और शांति देवी आदि ग्रामीण उपस्थित थे।



विधायक सुरेश बैठा को ज्ञापन सौंपते विभिन्न गांवों के लोग।

## विधायक सुरेश बैठा ने विनोद साहू को कांके प्रखंड का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया



**कांके (आजाद सिपाही)।** सुकुरहुटू निवासी कांग्रेस के वरीय नेता विनोद साहू को विधायक सुरेश कुमार बैठा ने प्रखंड के ग्रामीण विकास विभाग, रिनपास मानसिक अस्पताल और रांची कैंसर अस्पताल का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। विधायक सुरेश बैठा ने जिम्मेदारी देते हुए कहा कि आप वहां के सरकारी और गैर सरकारी पदाधिकारीयों से समन्वय स्थापित कर अपने कर्तव्य का पूरी लगन एवं निष्ठा से कार्य करें। प्रखंड क्षेत्र में कांग्रेस को मजबूत बनाने के साथ ही कार्यकर्ताओं - पदाधिकारियों से भी समन्वय बनाकर संगठन के हित में कार्य करते रहें। बताते चलें कि विनोद साहू 1992 से ही सक्रिय राजनीति से जुड़े हैं। विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों से भी जुड़कर निरंतर समाज सेवा का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने रांची जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस, महानगर कांग्रेस कमेटी, झारखंड कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग सहित श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति कांके चौक, श्री श्री महावीर मंडल कांके प्रखंड, रामनवमी ढोल मेला सुकुरहूटू सहित कई संस्थाओं में रहकर अच्छे पदों पर कार्य कर चुके हैं। इनके प्रभारी बनाए जाने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, विधायक राजेश कच्छप, निरंजन पासवान, जगदीश साहू, रांची जिला अध्यक्ष राकेश किरण महतो, अशोक कुमार महतो, मनीष महतो, रामदेव सिंह, कांके प्रखंड अध्यक्ष संजर खान, मदन कुमार महतो, गुलजार अहमद, महेश कुमार मनीष, अर्जुन मुंडा, राजू दुबे, प्रमोद कुजूर, अरविंद सांगा, राहुल कुमार यादव, अरविंद कुमार राम, मोहम्मद मुस्ताक गौरी शंकर महतो रीता चौधरी सहित सैकड़ो कांग्रेसियों ने बधाई-शुभकामनाएं दी है।

### पत्रकार मुक्तिनाथ गिरि को दी गयी श्रद्धांजलि



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वरिष्ठ पत्रकार मुक्तिनाथ गिरि के आकस्मिक निधन पर शोक की लहर दौड़ गई। विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने उनके प्रति संवेदना प्रकट की। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने कहा कि मुक्तिनाथ गिरि एक ईमानदार और निष्पक्ष पत्रकार थे, जिनका समाज और पत्रकारिता में महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके निधन की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ। हम दोनों का पुराना नाता था। इस दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष विनय कुमार महतो, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, गोरखनाथ सिंह, गोपाल महतो, राजू गोस्वामी, संजीव तिवारी, नंदकिशोर प्रसाद आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## बानपुरशालोम ग्रेश बना जयराम बेदिया चैलेंजर ट्राफी का चैंपियन



**रांची (आजाद सिपाही)।** जयराम बेदिया चैलेंजर ट्राफी का खिताब बानपुर ने जीत लिया। रोमांचक मुकाबले में शालोम ग्रेश ने गेतलसूद को पेनाल्टी शूटआउट में 4-5 से पराजित किया। इस मैच में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक रामकुमार पहान और विशिष्ट अतिथि जैलेंद्र कुमार, समर सिंह मुंडा और बनूं बेदिया आदि थे। विजेता टीम शालोम ग्रेश को 15000 रुपया और उपविजेता रही गेतलसूद टिम को 10000 रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया। रामकुमार ने कहा कि खिलाड़ी अच्छा खेल कर आगे बढ़ सकतें हैं। वहीं, जैलेंद्र कुमार ने कहा कि खेल में स्वास्थ्य के साथ ही भविष्य भी है। मौके पर पीकेश, सुमित मुंडा, प्रेम बेदिया, सोनाराम, जुके, विभिषण, छूटूराम, रोहित, कसो, बादल, धिरज, रामदेव, सोहित, सिद्धेश्वर, सुनिल और अनिल आदि उपस्थित रहे।

## पूर्वजों की संस्कृति बचाने की जरूरतः सुशांति भगत



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरना स्थल मैदान में बुधवार को 22वां वार्षिक पहान सम्मान सह सरना सम्मेलन का आयोजन बेड़ो सरना समिति के तत्वावधान में हुआ। जिसका शुभारंभ बड़ा सरना स्थल पर अनादि मुंजरना मलेका प्रार्थना एवं सरनास्थल में जलाभिषेक से हुआ। यहां विभिन्न गांवों से आए पहानों-महतो को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अनिल उरांव ने की। वक्ताओं ने कहा कि सरना धर्म में पहान एवं महतो होते हैं। उन्हें समाज में सम्मानजनक स्थान देना होगा। हमें अपनी भाषा एवं संस्कृति को बचाये रखना है। सम्मेलन में सरना धर्मावलंबियों ने भजन गीत-संगीत प्रस्तुत किया। मुखिया सुशांति भगत ने कहा कि आधुनिकता के युग में हम अपने पूर्वजों द्वारा बनाई गई संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। जिसे बचाने की जरूरत है। इस मौके पर आशा एक्का, जल्ही उरांव, सुशांति भगत, चारो उरांव, बसंत भगत, चुमानी उरांव, सुकरा भगत, बन्नु भगत, वीरेंद्र उरांव, पंकज उरांव, पुनिता उरांव, बसंती उरांव, संजय उरांव, मंगरी उरांव, विनय टोप्पो, सरोज टोप्पो, मालती उरांव और रितु उरांव आदि थे।

### होली, सरहुल और ईद आपसी सौहार्द्र के साथ मनाने का निर्णय

# अनगड़ा में सदियों से हर समुदाय के लोग मिलजुल कर मनाते रहे हैं एक-दूसरे का पर्व-त्योहारः जैलेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** होली, सरहुल एवं ईद त्योहार के मद्देनजर अनगड़ा थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख दीपा उरांव ने की। बैठक में होली, सरहुल एवं ईद त्योहार शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार, इंस्पेक्टर हंसा उरांव, थानेदार हीरालाल शाह, अवनिंद्र कुमार, एएसआई सचिन लकड़ा आदि विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर जैलेंद्र कुमार ने कहा कि अनगड़ा प्रखंड शांति और सद्भाव की मिशाल है। यहां सदियों से हर समुदाय के लोग एक-दूसरे के पर्व-त्योहार मिलजुलकर मनाते हैं। थाना प्रभारी हीरालाल शाह ने कहा कि आगामी त्योहारों के मद्देनजर क्षेत्र में सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रहेगी। इंस्पेक्टर हंसा उरांव ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से आपतिजनक पोस्ट वायरल करने और अफवाह फैलाने की कोशिश करने वाले तत्वों पर भी प्रशासन की खास नजर रहेगी। उन्हें चिन्हित कर कड़ी कारवाई की जाएगी। बैठक में एक-दू०सरे को अबीर-गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर होली की बधाई दी गई। मौके पर डॉ रिझू नायक, अब्दुल इमाम अंसारी, रामकृष्ण चौधरी, नीलकंठ चौधरी, वीरेंद्र सिंह भोगता, रामपोदो महतो आदि थे।



## कांके श्री महावीर मंडल सुकुरहुटू के मुख्य संरक्षक बने रामकुमार दीपक



**कांके (आजाद सिपाही)।** सुकुरहुटू बाजार टाड़ में श्रीश्री महावीर मंडल केंद्रीय पूजा समिति और डोल मेला समिति सुकुरहुटू की बैठकहुई। जिसमें वर्ष 2025 के पदाधिकारी और कार्यकारिणी समिति का चुनाव किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से राजकुमार महतो को तीसरी बार अध्यक्ष और रामकुमार दीपक को मुख्य संरक्षक चुना गया। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक रामकुमार दीपक ने कहा कि महावीर मंडल की सदस्यता सालों भर लोग ले सके। ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए। कहा कि रामनवमी का पर्व मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मदिन के अवसर पर भाईचारा शांति और हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाना चाहिए। इस वर्ष सुकुरहूटू में रामनवमी भव्य और ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा जिसमें सभी ग्रामीणों, अतिथियों और मुख्य अतिथियों का भागीदारी होगा। उधर, मुख्य संरक्षक बनने पर श्री महावीर मंडल केंद्रीय पूजा समिति और डोल मेला समिति सुकुरहुटू के सभी पदाधिकारियों-सदस्यों ने बधाई दी हैं।

## सभी धर्म के लोगों ने होली त्योहार शांति और सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाने का लिया संकल्प



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** होली और रमजान माह को देखते हुए ओरमांझी थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख अनुपमा देवी ने की। इसमें सभी धर्म के लोगों ने होली को शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का संकल्प लिया। ओरमांझी की मुखिया दीपक बड़ाइक ने थाना में व्याप्त भ्रष्टाचार का भी मुद्दा उठाते हुए थाना प्रभारी और गणमान्य लोगों का ध्यान आकृष्ट कराया। कहा कि यदि थाना में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगा तो थाना के मुख्य द्वार पर धरना देनो को मजबूर होंगें। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, बीडीओ कामेश्वर बेदिया, थाना प्रभारी अनिल तिवारी, पूर्व उप प्रमुख लालू उर्फ जय गोविंद साहु, मुंतजिर अहमद रजा, मुखिया दीपक बड़ाइक, पंसस ललिता देवी, राजेश गुप्ता, दुर्गा शंकर साहू, अशोक गुप्ता, सत्य नारायण तिवारी, बनवारी लाल साहू, राम कुमार महतो, नागेश्वर महतो, खालिक खान, विधायक सलाहकार रमेश उरांव, विधायक प्रतिनिधि प्रेम नाथ मुंडा और रमेश बेदिया आदि उपस्थित थे।

## हर घर जल-नल योजना से वंचित गांवों में लघु जलमिनार बनवाने की हुई मांग

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जल जीवन मिशन के तहत पेयजलापूर्ति के लिए सिरका पंचायत के सोनुवा बेड़ा, सिमराबेड़ा, लोहराटोली, महली टोला, चट्टान टोली, मुंडा टोली, जिनगा टोली आदि गांवों को हर घर नल योजना से नहीं जोड़ा गया। जिस कारण उक्त गांवों में जलसंकट उत्पन्न हो गया है। मामले को लेकर गत दिनों मुखिया रोशनलाल मुंडा के नेतृत्व में वंचित गांवों के लोगों ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रांची के कार्यपालक अभियंता से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि उक्त गांवों में पेयजल की गंभीर समस्या है। गर्मी के मौसम में तो यहां जलसंकट और गहरा जाता है। स्थिति यह है कि कुछ टोला के लोग आज भी खेत और नाला का प्रदूषित जल पीने को विवश हैं। समस्याग्रस्त इलाकों में पेयजलापूर्ति को लेकर कई बार कनीय और सहायक अभियंता को लिखित आवेदन दिया गया पर आज तक इस दिशा में कोई पहल नहीं हुई। मुखिया ने क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए उक्त गांवों में लघु ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना (एसभीएस) के तहत सोलर आधारित जलमीनार बनवाने की मांग की, ताकि लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा तथा जलसंकट से निजात मिलेगी। मौके पर मुखिया रोशनलाल मुंडा, ग्रामप्रधान बाबुलाल मुंडा, रामजीत नायक, किशुन महतो, विजय चौधरी, सोहन महतो, जितेन्द्र महतो, जलेश महतो, बालेश चौधरी, कृष्णा महतो, सोमरा मुंडा, सकल मुंडा, रंथु मुंडा, सेवालाल महतो, भोला नायक, श्याम महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

## नगड़ी में रांची एनडीआरएफ ने लोगों को किया जागरूक



**नगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में रांची एनडीआरएफ की ओर से सामुदायिक जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीणों को जल संकट में बचाव को लेकर कई जानकारी दी गई। एनडीआरएफ के कमांडर प्रवीण कुमार ने कहा कि हर ग्रामीण को जल संकट से निपटने की जानकारी रखनी चाहिए। कहा कि अगर कोई आदमी नदी, तालाब और कुआं में डूब रहा हो तो सबसे पहले उसे पानी से बाहर निकलने के लिए रस्सी या दुपट्टा फेंक कर उसे कस कर पकड़ने को कहें। इसके बाद उसे अपनी और खींचें। इसके अलावा लाइफ जैकेट और ट्यूब सहित आग से निपटने के लिए भी कई जानकारी दी। इस मौके पर बचाव दल के जवान रतन कुमार, प्रदीप कुमार, मनीष कुमार, राखी देवी, शाहबीर लोहरा, सुकरमनी देवी, सुरेश महतो, अख़्तर अंसारी, समीम अंसारी, सोमारी देवी, तस्लीम अंसारी और पूजा देवी आदि उपस्थित थे।

## अनिल केसरी बने रांची टेलीफोन सलाहकार समिति के सदस्य



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद की अनुशंसा पर पिठोरिया गांव निवासी अनिल केसरी को केंद्रीय संचार मंत्रालय अंतर्गत रांची टेलीफोन सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है। इस संबंध में संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा तत्संबंधी कार्यालय आदेश निर्गत किया गया है। वहीं, अनिल केसरी के सदस्य मनोनीत होने पर सांसद आदित्य प्रसाद के साथ ही क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों ने बधाई दी है।

